# हंगर हॉटस्पॉट: FAO-WFP

## प्रलिम्सि के लयि:

हंगर हॉटस्पॉट्स, **FAO, WFP**, **चरम मौसम**, **खाद्य असुरक्षा**, जलवायु परविर्तन, अल नीनो

## मेन्स के लयि:


**हंगर हॉटस्पॉट्स: FAO, WFP तीव्र खाद्य असुरक्षा पर प्रारंभकि चेतावनी**

## चर्चा में क्यों?

**खाद्य और कृषि संगठन (FAO)** **तथा** **वशि्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)** की हालिया रपिोर्ट के अनुसार, हंगर हॉटस्पॉट: FAO, WFP तीव्र खाद्य असुरक्षा पर प्रारंभकि चेतावनी, भारत के पड़ोसी देश, पाकसि्तान, अफगानसि्तान और म्याँमार दुनिया में हंगर हॉटस्पॉट के केंद्र हैं।

## रपिोर्ट की मुख्य वशिषताएँ:

- **अतउिच्च चतिा वाले हॉटस्पॉट:**
  - **22 देशों में 18 क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ तीव्र** **खाद्य असुरक्षा** परमािण और गंभीरता बढ़ सकती है।
  - **पाकसि्तान, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, इथयिोपयिा, केन्या, कांगो लोकतांत्रकि गणराज्य** और सीरयिाई अरब गणराज्य बहुत अधकि चतिा वाले हॉटस्पॉट हैं।
  - इन सभी हॉटस्पॉट्स में **बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, साथ ही बगिड़ते हालातों के साथ आने वाले महीनों में** स्थतियिों के और तेज़ होने की उम्मीद है।
- **उच्च चतिा वाले देश:**
  - अफगानसि्तान, नाइजीरयिा, सोमालयिा, दक्षणि सूडान और यमन में चतिा का स्तर उच्चतम बना हुआ है।
    - हैती, साहेल (बुर्कनिा फासो और माली) तथा सूडान भुखमरी के उच्चतम स्तर तक पहुँच गए है। हाल ही में **सूडान संघर्ष** के कारण यह स्थतिि हैती के साथ-साथ बुर्कनिा फासो और माली में लोगों के आंदोलन तथा वस्तुओं पर कड़े प्रतबिंधों की वजह से उत्पन्न हुई है।
- **भुखमरी की संभावना:**
  - सभी हॉटस्पॉट्स पर आबादी **उच्चतम स्तर पर भुखमरी का सामना** कर रही है या इसके भुखमरी का सामना करने का अनुमान है। आबादी पहले से ही खाद्य असुरक्षा और अन्य गंभीर कारकों का सामना कर रही है जो वनिाशकारी स्थतियिों की ओर ले जाता है।
- **नए उभरते संघर्ष:**
  - नए उभरते संघर्षों की संभावना **वैश्वकि संघर्ष प्रवृत्तयिों को बढ़ावा देगी** और कई पड़ोसी देशों को प्रभावति करेगी, वशिष रूप से सूडान संघर्ष।
  - अनेक भुखमरी वाले क्षेत्रों में वसि्फोटक हथयिारों और घेराबंदी की रणनीत**लोगों को तीव्र खाद्य असुरक्षा के भयावह स्तर की ओर ले रही है**।
- **खराब मौसम:**
  - कुछ देशों और क्षेत्रों में भारी बारशि, उष्णकटबिंधीय तूफान,**चक्रवात**, **बाढ़**, **सूखा** तथा अत्यधकि जलवायु परविर्तनशीलता जैसे **अत्यंत खराब मौसम** महत्त्वपूर्ण कारक बने हुए हैं।
  - मई 2023 के पूर्वानुमान में वर्ष 2023 में मई से जुलाई तक की अवधमिें **अल नीनो** के प्रभाव की संभावना 82% होने का अनुमान लगाया है, जसिमें कई हॉटस्पॉट में भुखमरी होने की संभावना भी व्यक्त की गई है।
- **आर्थकि आघात:**
  - गहराते आ**र्थकि आघात ने नम्नि और मध्यम आय वर्ग के देशों में संकट** को और अधकि गहरा कर दयिा है।




//

## सिफारिशें:

ऐसे हॉटस्पॉट्स जहाँ भुखमरी के अधिक गंभीर होने का खतरा है, **जीवन और आजीविका को बचाने, भुखमरी एवं इससे होने वाली मौतों को रोकने के लिये** जून से नवंबर 2023 तक तत्काल मानवीय कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता है।

- पूर्वानुमानों और उत्पादन पर उनके प्रभाव की निरंतर निगरानी की जानी चाहिये।
- आजीविका की रक्षा करने और भोजन तक **पहुँच बढ़ाने के लिये सभी 18 भुखमरी वाले हॉटस्पॉट्स में** तत्काल अधिक सहायता प्रदान किये जाने की आवश्यकता है।
- **तीव्र खाद्य असुरक्षा और कुपोषण को रोकने के उपाय करना**।
- अत्यधिक संकटग्रस्त हॉटस्पॉट में भविष्य में भुखमरी और मौतों को रोकने के लिये मानवीय सहायता प्रदान की जानी चाहिये।

## खाद्य और कृषि संगठन (FAO):

- **परिचय:**
  - खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना वर्ष 1945 में **संयुक्त राष्ट्र संघ** के तहत की गई थी, यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
  - प्रत्येक वर्ष विश्व में **16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस** मनाया जाता है। यह दिवस FAO के स्थापना दिवस की याद में मनाया जाता है।
  - यह **संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सहायता संगठनों में से एक है जो रोम (इटली)** में स्थित है। इसके अलावा **विश्व खाद्य कार्यक्रम** और **कृषि विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD)** भी इसमें शामिल हैं।

- **FAO की पहलें:**
  - विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS)।
  - विश्व में **[मरुस्थलीय टिड्डी]** की स्थिति पर नज़र रखना।
  - FAO और WHO के खाद्य मानक कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के मामलों के संबंध में **[कोडेक्स एलेमेंटेरियस आयोग (CAC)]** उत्तरदायी निकाय है।
  - खाद्य और कृषि के लिये **[प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज़ पर अंतर्राष्ट्रीय संधि]** को वर्ष 2001 में FAO के 31वें सत्र में अपनाया गया था।
- **प्रमुख प्रकाशन:**
  - वैश्विक मत्स्य पालन और एक्वाकल्चर की स्थिति (SOFIA)।
  - विश्व के वनों की स्थिति (SOFO)।
  - **[वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण की स्थिति (SOFI)]**।
  - खाद्य और कृषि की स्थिति (SOFA)।
  - कृषि कमोडिटी बाज़ार की स्थिति (SOCO)।

## विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP):

- WFP जीवन की रक्षा एवं जीवन में बदलाव, आपातस्थिति में खाद्य सहायता प्रदान करने और पोषण में सुधार तथा लचीलापन लाने हेतु समुदायों के साथ काम करने वाला एक **अग्रणी मानवीय संगठन** है।
- इसका मुख्यालय रोम, इटली में है और इसकी स्थापना वर्ष 1961 में **[FAO तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)]** द्वारा की गई थी।
- यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य भी है, जो **[सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs)]** को पूरा करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और संगठनों का एक गठबंधन है।
- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने वर्ष 2030 तक भुखमरी को समाप्त करने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और पोषण में सुधार करने का संकल्प लिया है।
- WFP, 120 से अधिक देशों और क्षेत्रों में संघर्ष के कारण विस्थापित हुए एवं आपदाओं के कारण निराश्रित हुए लोगों के लिये जीवन रक्षक खाद्य उपलब्ध करवाता है।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. FAO पारंपरिक कृषि प्रणालियों को 'सार्वभौमिक रूप से महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (Globally Important System-GIAHS) की हैसियत प्रदान करता है। इस पहल का संपूर्ण लक्ष्य क्या है? (2016)**

1. अभिनिर्धारित GIAHS के स्थानीय समुदायों को आधुनिक प्रौद्योगिकी, आधुनिक कृषि प्रणाली का प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना जिससे उनकी कृषि उत्पादकता अत्यधिक बढ़ जाए।
2. पारितंत्र-अनुकूली परंपरागत कृषि पद्धतियाँ और उनसे संबंधित परिदृश्य (लैंडस्केप), कृषि जैवविविधता तथा स्थानीय समुदायों के ज्ञानतंत्र का अभिनिर्धारण एवं संरक्षण करना।
3. इस प्रकार चिह्नित अभिनिर्धारित GIAHS के सभी भिन्न-भिन्न कृषि उत्पादों को भौगोलिक सूचक (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) की हैसियत प्रदान करना।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

## [स्रोत: डाउन टू अर्थ]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hunger-hotspots-fao-wfp